एक नजर में

पाकिस्तान व आतंकवाद मुर्दाबाद की तख्तियां लेकर आतंकी हमले का विरोध किया

पेटलावद. पहलगाम हमले के विरोध में मुस्लिम समाज के द्वारा वक्फ जामा मस्जिद कमेटी के नेतृत्व में एक जूलूस निकाल कर स्थानीय तहसील कार्यालय में तहसीलदार हुकुम सिंह निगवाल को प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा है। जिसमें मुस्लिम समाज द्वारा मांग की गई है कि पहलगाम हमले में आंतकवादियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाये। इस निर्मम हत्या कांड की मुस्लिम समाज घोर निंदा करता है। और इस कृत्य में जीस किसी ने भी इनका सहयोग दिया है उनके खिलाफ भी सख्त कार्यवाही की जाये।वहीं आतंकवादियों के मददगार देश पाकिस्तान पर भी कठोर कार्यवाही की जाये। आंतकवादियों के द्वारा किये गये कृत्य से मुस्लिम समाज में आक्रोश है। आंतकवादियों में कठोर कार्यवाही हो ताकी भविष्य में इस प्रकार की आंतकी गतिविधि भारत में कोई न कर सके। मुस्लिम समाजजन में हाथ में तख्तियां लेकर चल रहे थे। जिसमें पाकिस्तान मुर्दाबाद और आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगे हुए थे। ज्ञापन का वचन राहिल रजा मंसूरी किया इस मौके पर समाज के सदर जावेद लोधी सहित मुस्लिम समाजजन उपस्थित रहे।

महिला का संदिग्ध अवस्था में मिला शव, पुलिस जांच में जुटी

झाबुआ। शहर से सटे ग्राम गोलाछोटी के डूंगर फलिया में खेत के पास एक विवाहित महिला का शव पाया गया। घटना की सूचना पुलिस को दिए जाने पर मौके पर पुलिस ने पहुंचकर जांच की। महिला के सिर एवं गले पर चोट की निशान होने से प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने फिलहाल घटना में मर्ग कायम कर जांच आरंभ कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम गोलाछोटी निवासी महिला टीना पति दिलीप डामोर 27 वर्ष बीती रात से लापता थी। 26 अप्रेल सुबह महिला का शव घर से कुछ दूरी पर संदिग्ध अवस्था में ग्रामीणों ने देखा। जिसके बाद परिजनों एवं पुलिस को सूचना दिए जाने पर मौके पर थाना प्रभारी आरसी भास्करे द्वारा अमले के साथ पहुंचकर जांच की। मृतिका के सिर एवं गले पर चोट है। संभवत: धारदार हथियार से वार किया गया है। पुलिस की जांच बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भिजवाया गया। दोपहर में पोस्टमार्टम बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतिका के परिजनों को हत्या की आशंका है। महिला विवाहित होकर उसके 3 बच्चें भी है। पीएम रिपोर्ट के बाद होगा खुलासा घटना में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद वास्तविक कारण का पता चल सकेगा।- आरसी भास्करे, थाना प्रभारी झाबुआ

टेंकर ने मोटरसाईकिल को मारी टक्कर, दो घायल

झाबुआ। इंदौर-अहमदाबाद राजमार्ग पर ग्राम देवझिरी में फोरलेन रोड़ पर एक गैस से भरे टेंकर ने मोटरसाईकिल को जोरदार टक्कर मारी। जिसमें बाईक पर सवार दो ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार हेतु 108 एंबुलेंस से जिला चिकित्सालय लाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त दुर्घटना 26 अप्रेल दोपहर करीब 11.30 बजे की है। टेंकर गुजरात से होकर इंदौर की और जा रहा था, तभी उसने पीछे से मोटरसाईकिल को टक्कर मारी, जिसमें दो पहिया वाहन पर सवार परम पिता पांगला सिंगाडिया 40 वर्ष, जो बाईक चला रहा था एवं पीछे सवार मुन्ना डामोर 55 वर्ष निवासीगण देवझिरी को गंभीर चोटे पहुंची। दोनो को सिर, हाथ एवं पैरों पर चोटे आई। दोनो बाईक से देवझिरी से झाबुआ आ रहे थे। टेंकर बाईक को घसीटता हुआ करीब 500 मीटर दूरी तक ले गया। बाद ग्रामीणों ने टेंकर को रूकवाकर चालक को भी धरदबोचा। मौके से पुलिस को सूचना देने पर पुलिस ने कार्रवाई की। वहीं 108 एंबुलेंस से दोनो घायलों को जिला चिकित्सालय लाकर उपचार किया गया।

हथियार सहित चार आरोपी गिरफ्तार

इंदौर. एमआईजी पुलिस ने अशोक पिता प्रहलाद कौशल के पास से तलवार और जितेंद्र पिता मूलचंद पाल से गुप्ती बरामद की है. इसी प्रकार, तिलक नगर पुलिस ने भारत गुर्जर से चाकू और दिलीप साहू से तलवार बरामद की. पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ अवैध हथियार रखने के आरोप में मामले दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है. पुलिस ने बताया कि यह गिरफ्तारी नियमित गश्त और सघन चेकिंग अभियान के तहत की गई.

बाइक में आग लगाने का मामला

इंदौर. शिवकांत नगर निवासी कमल पिता अनिल प्रजापत ने पुलिस को बताया कि घर के बाहर खड़ी उसकी मोटरसाइकिल में अज्ञात बदमाशों ने आग लगा दी. आग से मोटरसाइकिल का काफी नुकसान हुआ है. पुलिस ने शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है. पुलिस का कहना है कि इस मामले में हर पहलू की जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों का पता लगा लिया जाएगा.

नव भारत
एजेंसी देना है...
झाबुआ जिला
राणापुर एवं थांदला सिटी में
सम्पर्क करें :- 99260-57773

संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने सरकार की सद्बुद्धि के लिए निकाली रैली

श्री बाड़ी हनुमान मंदिर पर हनुमान चालीसा पाठ कर बाल हनुमानजी को सौंपा ज्ञापन

झाबुआ। संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ मप्र के आव्हान पर जिले में भी करीब 600 से अधिक संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा गत 22 अप्रेल से अनिश्चितकालीन हड़ताल की जा रहीं है। जिससे जिले में स्वास्थ्य सेवाएं लगातार प्रभावित हो रहीं है। आरोग्य केंद्र बंद होने के साथ टीकाकरण नहीं होने, टीबी रोगियों को दवाई वितरण कार्य एवं ऑफिस कार्य भी ठप्प पड़े है। संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष वासुदेव पाटीदार ने बताया की हड़ताल के 5वें दिन 26 अप्रेल को संविदा कर्मचारियों द्वारा दोपहर 11 बजे जिला चिकित्सालय परिसर से रैली निकाली गई। रैली में सैकड़ों की संख्या में संविदा स्वास्थ्यकर्मी महिला-पुरूष शामिल हुए। जिनके हाथों में सरकार की सद्बुद्धि के लिए हनुमानजी से प्रार्थना की तख्तीयां लेकर सरकार के विरोध में नारेबाजी करते हुए चल रहे थे। रैली शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए श्री बाड़ी हनुमान मंदिर पहुंची।

हनुमान चालीसा पाठ कर ज्ञापन प्रस्तुत किया

श्री बाड़ी हनुमान मंदिर पर संविदा कर्मचारियों द्वारा सामूहिक श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। बाद श्री हनुमानजी महाराज को सरकार की सद्बुद्धि के लिए ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें उल्लेख किया गया कि संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ मप्र के आव्हान प्रदेशभर के 32 हजार संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा अपनी विधि सम्मत मांगों को लेकर आंदोलन किया जा रहा है, लेकिन इसका कोई निष्कर्ष नहीं निकल रहा है। जिससे संविदा कर्मचारियों एवं उनके परिवार के भरण-पोषण एवं खुशहाल जीवन जीन में बाधाएं उत्पन्न हो रहीं है। संविदाकर्मियों द्वारा वर्ष 2018 से लेकर 2023 तक कई बार ज्ञापन, विरोध प्रदर्शन एवं हड़ताल की गई। विगत 4 जुलाई 2023 को तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा वर्ष 2023 में नवीन संविदा नीति जारी करने हेतु घोषणा की गई थी। जिसके परिपालन में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 23 जुलाई 2023 को संविदा कर्मचारियों के लिए एक नीति बनाई गई थी, परंतु राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल द्वारा संविदा कर्मचारियों की उक्त नीति का आज दिनांक तक पूर्ण लाभ नहीं दिया है। ज्ञापन के माध्यम से हनुमानजी से प्रार्थना की गई कि स्वास्थ्य कर्मचारियों के संविदा रूपी कलंक को समाप्त करने के साथ सरकार को सद्बुद्धि देकर कर्मचारियों की सभी मांगों को पूरा करवाया जाए।

ज्ञापन में यह रखी मांगे

स्वास्थ्य विभाग में रिक्त पदों पर संविलियन किया जाकर नियमित किया जाने, पूर्व में दी जा रहीं सुविधाओं में ईएल एवं मेडिकल को पृथक किया जाने, अनुबंध प्रथा को पूरी तरह समाप्त किया जाने, अप्रेजल जैसी कुरीति को समाप्त किया जाने, सेवानिवृत्ति की आयु में 65 वर्ष से घटाकर 62 वर्ष किया गया है, संविदा कर्मचारियों को एनपीएस, ग्रेज्यूटी, स्वास्थ्य बीमा से पृथक रखा गया है, शासन द्वारा समकक्षता (वेतन विसंगति) का निर्धारण गलत तरीके से किया गया है, जिसमें पुन: विचार कर संशोधन किया जाए, निष्कासित सपोर्ट स्टॉफ एवं मलेरिया एमपीडब्ल्यू की एनएचएम में वापसी करने आदि मांगे है। जिलाध्यक्ष पाटीदार ने बताया कि उक्त मांगों को लेकर 28 अप्रेल को भोपाल में प्रदेशभर के संविदा स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा पहुंचकर महा-आंदोलन किया जाएगा।

ब्राह्मण समाज पेटलावद द्वारा भव्य सामूहिक यज्ञोपवित संस्कार 2 मई को

पेटलावद। ब्राह्मण समाज पेटलावद के द्वारा 2 मई को प्रथम भव्य सामूहिक यज्ञोपवित संस्कार का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें तीन दिवसीय परशुराम महोत्सव मनाया जायेगा। आयोजन में परम पूज्य महामंडलेश्वर स्वामी श्री प्रणवानंद सरस्वती जी महाराज का विशेष पावन सानिध्य प्राप्त होगा। इसके साथ ही विशेष अतिथि के रूप में केबिनेट मंत्री निर्मला भूरिया, विधायक इंदौर-2 रमेश मैंदोला, विधायक इंदौर-3 गोलु शुक्ला और विधायक बडनगर जितेंद्र सिंह पण्डया उपस्थित रहेगें।

समाजजनों के द्वारा सभी अतिथियों को निमंत्रण दिया गया है। इस मौके पर समाज के अध्यक्ष मनोज जानी, उपाध्यक्ष वीरेंद्र भट्ट, विशेष सहयोगी हेमंत भट्ट, युवा अध्यक्ष अंशुल व्यास, राहुल शुक्ला आदि ने सभी अतिथियों को निमंत्रण दिया। 30 अप्रैल को

भगवान परशुरामजी की महाआरती का आयोजन और 1 मई की शाम को समाजिक गरबा रास का आयोजन इसके साथ ही 2 मई को सुबह से सामूहिक यज्ञोपवित संस्कार का कार्यक्रम प्रारंभ होगा। जिसमें सुबह 6 बजे से हेमाद्री स्नान और इसके पश्चात बटुक शोभायात्रा सुबह 9 बजे नगर के मुख्य मार्गो से निकाली जायेगी। यात्रा में बटुकों की वरघोडा निकाला जायेगा। इसके साथ ही बेंड और ढोल के साथ परशुरामजी की झांकी सहित यात्रा में समाजजन रहेगें। यात्रा नगर भ्रमण के पश्चात आयोजन स्थल उदय गार्डन में पहुंचेगी। जहां पर यज्ञोपवित संस्कार का कार्यक्रम प्रारंभ होगा।

यज्ञोपवित संस्कार की तैयारियों को लेकर समाज की सभी टीमें सक्रिय रूप से लगी हुई है। तैयारियों में पत्रिका वितरण, साज सज्जा, सामग्री सग्रहण सहित अन्य जवाबदारीयों को पूर्ण करने में कार्यकर्ता लगे हुए है। आयोजन में तीन राज्य से ब्राह्मण जन आ रहे है।

पहलगाम हमले के 24 घंटे पहले परिवार सहित सकुशल लौटे जैन

झाबुआ। झाबुआ निवासी जैन परिवार प्रदीप ओएल जैन अपने परिवार सहित कश्मीर की यात्रा पर गए हुए थे और पहलगाम हमले के 24 घंटे पहले वह परिवार सहित सकुलश लौट आए। प्रदीप जैन से चर्चा करने पर उन्होंने बताया की पहलगाम में जब हमला हुआ, तब वह परिवार के साथ कश्मीर के लाल चौक पर थे। उनकी यात्रा का टूर पहलगाम घटना वाले दिन ही तय किया गया था, लेकिन ईश्वरीय कृपा से पहलगाम हमले से एक दिन पहले 21 अप्रेल को ही वह वहां से सकुशल लौट आए। पहलगाम में हमला 22 अप्रेल को हुआ। जैन के अनुसार 21 अप्रेल को शायद वहां का मौसम खराब हो के कारण आंतकवादी हमला नहीं कर पाए। 22 अप्रेल को मौसम खुल गया और हमला हुआ।

कश्मीर में भारत सरकार की पहल सराहनीय-जैन ने बताया की श्रीनगर के कश्मीरी लोग बहुत मद्दगार है। इनका पूरा रोजगार पर्यटकों पर निर्भर है। आसपास के लोग बहुत गरीबी और विकट परिस्थितियों में जीवन यापन कर रहे हैं। पूरे वर्ष इनका रोजगार भी नहीं होता है, भारत सरकार लगातार इनके जीवन स्तर को सुधारने में लगी हुई है, सड़क मार्ग भी बहुत बेहतर कर दिए गए हैं, जगह-जगह टनल बनाई गई है, ताकि पर्यटन को बढ़ावा मिले। ऐसे हादसों से ये कश्मीरी लोग सॉफ्ट टारगेट बनते है, क्योंकि इनका रोजगार छीन जाता है और इनका माइंड वाश करके इन्हें आसानी से भटकाया जा सकता है। सरकार के कश्मीर में किए कार्य तारीफे काबिल है,

नम्रता शाह ने राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया

झाबुआ। 1008 श्री महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव पर वीर श्राविका सम्मान समारोह का आयोजन जैन एकता मंच की मप्र अध्यक्ष बरखा जैन द्वारा जूम मीटिंग के माध्यम से किया गया। जैन एकता मंच की जिलाध्यक्ष पुष्पा शाह ने बताया की शुरूआत मंगलाचरण से यशवी शाह ने की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जैन एकता मंच महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनीता जैन ने की। उन्होने बताया की महिला किसी भी संस्था से जुड़ी हो, पर एकजुट हो जाए तो अपने धर्म और तीर्थ की रक्षा आसानी से कर सकती है। यही वह समय है, जब महिलाओं को नेतृत्व करना है। विशेष अतिथि हंसमुख गांधी ने बताया की सकारात्मक ऊर्जा और संगठन शक्ति ही समाज

को आगे ले जा सकती है। अगर 100 पुरुषों की कतार में 5 महिला भी हो तो प्रभाव असरकारक होता है। शिरोमणि संरक्षक चित्रा ने बताया कि तन, मन, धन से सहयोग करके महिलाओं को आगे आना है।

उत्कृष्ट कार्यों की सराहना -सम्मान कार्यक्रम के क्रम में 30 नाम आए, उसमें से 3 नाम राष्ट्रीय स्तर पर चुने गए। झाबुआ जिले से दो नाम नम्रता शाह और सरिता बाबेल के भेजे गए। हर्ष का विषय रहा की नम्रता श्रीकांत शाह का नाम राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान पर रहा। इस हेतु श्रीमती शाह को सभी ने शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम में उपस्थित मातृ शक्तियों ने उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की। संचालन मंजूबाला जैन देवास ने किया। कार्यक्रम में मीडिया प्रभारी पुष्पा शाह और प्राची जैन की भी उपस्थिति रहीं।

कैबिनेट मंत्री ने किया ओपन जिम का उद्घाटन

झाबुआ। कैबिनेट मंत्री निर्मला भूरिया द्वारा जिले के थाना थांदला परिसर में ओपन जिम का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह के दौरान मंत्री सुश्री भूरिया द्वारा आउटडोर जिम में लगी विभिन्न मशीनों के बारे में जानकारी ली व उन्हें चलाकर देखा एवं आमजन को नियमित व्यायाम करने व स्वस्थ रहने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक पद्म विलोचन शुक्ल द्वारा चलाए जा रहे मिशन डी 3 के बारे में लोगो को नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से जागरूक किया। नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से आमजन को यातायात के नियमो के प्रति

जागरूक करते हुए हेलमेट पहनकर वाहन चलाने व शराब पीकर वाहन न चलाने हेतु जागरूक किया गया।

एक नजर

चैनपुरी मंदिर पर्व की पूर्व तैयारी में नौवेंना प्रारंभ

झाबुआ। जिले के थांदला कैथोलिक चर्च के चैनपुरी माता मरियम मंदिर पर नौ दिवसीय प्रार्थना नौवेंना 25 अप्रैल से प्रारंभ हो गया है प्रथम दिन महागिरजा घर के पल्ली पुरोहित फा. थॉमस कैनेडी के मुख्य आतिथ्य में मिस्सा पूजा और नौवेंना प्रारंभ की गई। इस अवसर पर फा. कैनेडी ने कहा हम सब माता मरियम के पास भिन्न भिन्न उद्देश्यों मांग और दुख भय और बीमारी से छुटकारा पाने माता मरियम की मध्यस्थता द्वारा ईश्वर से अनुग्रह प्राप्त करने आए हैं, हम इस नौवेंना प्रार्थना द्वारा ईश्वर की आज्ञाओं का पालन

करें और ईश्वर के निकट रह सकें। माता मरियम ने ईश्वर द्वारा भेजे गए दूत के संदेश पर विश्वास किया और ईश्वर के पुत्र प्रभु येशु की मां बनी। इसी प्रकार हमे भी ईश्वर की आज्ञाओं का पालन करते हुए ईश्वर का अनुग्रह प्राप्त करें। नौवेंना प्रार्थना आगामी क्रम में 26 अप्रैल को प्रकाश डामोर और मुख्य याजक थॉमस पीए रहे। 27 अप्रेल को फा. बसंत इक्का और फा. प्रकाश डामोर, 28 को फा. रोहित मचार और फा. मुकेश गरासिया, 29 को फा. राफेल और फा. माइकल

मकवाना, 30 अप्रैल को फा. असीम मिंज और फा जोसेफ अमुदकानी, 1 मई को फा. प्रीतम और फा. अरुण गणावा, 2 मई को फा. अश्विन और फा. जूलियन टोप्पो, 3 मई को फा. वीरेंद्र भाबर और फा. प्रताप बारिया रहेगे। इस प्रकार नौ दिवसीय नौवेंना के बाद 4 मई को पर्व मनाया जाएगा। जिसमें दो मिसाएं होगी। प्रथम प्रात: 10 बजे एवं दूसरी मिस्सा 2 बजे दूसरी मिस्सा के पूर्व जुलूस दोपहर 1 बजे थांदला मिशन परिसर से निकाला जाएगा, जो मिशन परिसर से भंसाली चौराहा होकर पुरानी मंडी के सामने से सीधे चैनपुरी माता मरियम मंदिर पहुंचेगा, जहां मिस्सा पूजा होगी। नौवेंना में थांदला और आस पास के गांव के अलावा मेघनगर, पंचकुई, झाबुआ, बड़ी धमनी आदि स्थानों से रोजाना बड़ी संख्या में समाजजन भाग ले रहे हैं। मिस्सा पूजा पश्चात फा. थॉमस कैनेडी का स्वागत किया गया। इसी क्रम में फा. पीटर कटारा, पल्ली पुरोहित के पुरोहित अभिषेक दिवस के उपलक्ष में शाल, श्रीफल और माला पहनाकर उनका स्वागत राजेंद्र बारिया के संचालन में पल्ली की और से किया गया।